# समाचार

## डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम शिक्षा गुणवत्ता सुधार अभियान

## (तीजा पर्व की वजह से 16 के बजाय 19 सितम्बर को होगी वार्ड सभाएं )

कोरबा 15 सितम्बर 2015 –डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम शिक्षा गुणवत्ता सुधार अभियान के अंतर्गत विद्यालयों को ग्रेडिंग दिए जाने हेतु 16 सितम्बर को आयोजित की जाने वाली वार्ड सभाएं 19 सितम्बर को आयोजित होगी तथा शेष कार्यक्रम पूर्व निर्धारित अनुसार यथावत रहेगा।

यहां उल्लेखनीय है कि डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम शिक्षा गुणवत्ता सुधार अभियान के अंतर्गत विद्यालय परिसरों में वार्ड सभा का आयोजन कर विद्यालय की ग्रेडिंग किए जाने का कार्यक्रम 16, 18, 19 सितम्बर को तय किया गया था। चूंकि 16 सितम्बर को तीजा पर्व है तथा इस दिन महिलाएं व्रत, पूजन, अर्चन में व्यस्त रहेगी, अतः जिन विद्यालयों में 16 सितम्बर को वार्ड सभा का आयोजन किया जाना था, उन विद्यालयों में अब 19 सितम्बर को वार्ड सभा आयोजित होगी तथा शेष कार्यक्रम पूर्व निर्धारित अनुसार ही संपादित होगा।